# PK UNIVERSITY




# News Letter OF PKU

## Contents


1. पी० के० विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा "उद्यमिता विकास कार्यक्रम" पर अतिथि व्याख्यान किया गया आयोजित – pg. 1
2. भारतीय फार्मेसी के जनक स्वर्गीय एम.एल.श्रॉफ की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस – pg 2
3. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में पी० के० विश्वविद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन – pg 3
4. टेक फेस्ट-2024 सम्पन्न – pg 4
5. पी० के० विश्वविद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ हवन-पूजन का आयोजन – pg 5
6. "PK UNIVERSITY" एप्प हुआ लांच – pg 6
7. पी.के. विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित –pg 7
8. पी.के. विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकालकर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक - pg 8
9. पी० के० विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल वितरित कर किया गया चार दिवसीय शीतल पेयजल सेवा शिविर का शुभारम्भ – pg 9
10. पी० के० विश्वविद्यालय द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर चार दिवसीय शीतल पेयजल सेवा शिविर का हुआ सफल समापन- pg 10
11. पी० के० विश्वविद्यालय को कुलाधिपति जे० पी० शर्मा ने दी तीन नई बसों की सौगात – pg 11
12. पी० के० विश्वविद्यालय में "साइबर सुरक्षा" विषय पर व्याख्यान आयोजित – pg. 12


## About PK University

P.K. University has been established keeping in view the foregoing are growing emphasis on global competitiveness, the need to bridge the gap between theory and practice and the growing demand for highly skilled personnel in the frontier areas of Management, Engineering and Technology, medicine, Architecture, Information Technology and Computing, Paramedical and Pharmacy, Insurance, Bio-sciences, fashion, Law, Hospitality and Tourism and other fields of education, the Sonal Educational Society proposes to establish as University in Shivpuri (M.P) entitled P.K. University encompassing all the major disciplines the majority of the courses will be innovative, practice oriented, flexible, modular and ensure that the students acquire the necessary skills and knowledge for successful careers. The University will establish a close liaison with the productive sector, broaden the mental horizons of its student and provide a stimulating place through study, stay and learn. This will meet the growing needs of the students of not only Madhya Pradesh but also India and abroad too. Since all the courses to be offered by P.K. University are going to be innovative and highly practical oriented this will go a long way in fulfilling the aspiration of student and parents at Utter Pradesh and adjoining area.

# पी० के० विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा “उद्यमिता विकास कार्यक्रम” पर अतिथि व्याख्यान किया गया आयोजित








**<u>दिनांक 04 मार्च 2024</u>** को, मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी की तहसील करैरा के ग्राम थनरा में स्थित पी० के० विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा “उद्यमिता विकास कार्यक्रम” पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरित करना और उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पी० के० विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० योगेश चन्द्र दुबे जी, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा जी एवं फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ० जी० पवन कुमार जी एवं मुख्य वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर सुनील मिश्रा जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी संकाय की सहायक प्राध्यापिका अंशिता गुप्ता ने किया एवं अंत में, फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक गुप्ता जी ने वक्ताओं को उनकी प्रेरणादायक बातों के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे ।

# भारतीय फार्मेसी के जनक स्वर्गीय एम.एल.श्रॉफ की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस













**दिनांक 06 मार्च 2024** को, मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी की तहसील करैरा के ग्राम थनरा में स्थित पी० के० विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पी० के० विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० योगेश चन्द्र दुबे जी, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा जी एवं फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ० जी० पवन कुमार जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा फार्मेसी के जनक स्वर्गीय एम.एल. श्रॉफ जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी संकाय की सहायक प्राध्यापिका अंशिता गुप्ता ने किया एवं अंत में, फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक गुप्ता जी ने उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में पी० के० विश्वविद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन










**दिनांक 11 मार्च 2024** पी० के० विश्वविद्यालय, थनरा, शिवपुरी (म०प्र०) के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी तथा डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी० के० विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो० (डॉ०) जी० पवन कुमार जी ने की। कार्यक्रम का संचालन पी० के० विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय में अध्ययनरत छात्राओं रीना यादव एवं शैली सिंह ने किया एवं अंत में, छात्र अधिष्ठाता प्रो० (डॉ०) महालक्ष्मी जौहरी ने उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्षों, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# टेक फेस्ट-2024 सम्पन्न


















**दिनांक 5 अप्रैल 2024 को** पी० के० विश्वविद्यालय (पी.के.यू.) में समस्त विभागों द्वारा टेक-फेस्ट 2024 का आयोजन विश्वविद्यालय के समस्त विभागों में किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी, फार्मेसी, कॉमर्स, मैनेजमेंट, विज्ञान, कला, कृषि, लॉ, पैरामेडिकल, नर्सिंग, कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग एवं अनुसंधान संकाय के विभागाध्यक्षों द्वारा शिक्षार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा कौशल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न टेक-फेस्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वि.वि. के कुलपति प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव एवं समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# पी० के० विश्वविद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ हवन-पूजन का आयोजन











पी० के० विश्वविद्यालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में **दिनांक 23 अप्रैल 2024** को हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे० पी० शर्मा जी, कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० एमिन फातिमा जी की विशेष उपस्थिति के साथ विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति, छात्र और शिक्षक भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्षों सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## “PK UNIVERSITY” एप्प हुआ लांच










**16 अप्रैल 2024 को** पी.के. विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के बी० एस० सी० तृतीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र, आकाश विश्वकर्मा द्वारा विकसित एक नवीन मोबाइल एप्लीकेशन “PK UNIVERSITY” का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी द्वारा बटन दबाकर डिजिटल रूप से किया गया। यह एप्लीकेशन विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वि.वि. के कुलपति प्रो. (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में वि०वि० के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा, डीन अकादमिक डॉ० ऐमन फातिमा, कुलसचिव डॉ. दीपेश नामदेव उपस्थित रहे। इस दौरान समस्त संकायों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिका सहित छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# पी.के. विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित












पी.के. विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम **दिनांक 19 अप्रैल, 2024** को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मा० कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० एमिन फातिमा जी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर पी० के० विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के विभागाध्यक्षों सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पी.के. विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकालकर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक











**दिनांक 2 मई 2024** को पी.के. विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। साथ स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की निशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी की।
रैली को विश्वविद्यालय के मा० कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे जी एवं प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक गुप्ता जी के नेतृत्व में फार्मेसी संकाय के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति मा० कुलपति प्रो० (डॉ०) योगेश चन्द्र दुबे जी, प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी, कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० एमिन फातिमा जी, फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक गुप्ता जी सहित फार्मेसी संकाय के शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पी० के० विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल वितरित कर किया गया चार दिवसीय शीतल पेयजल सेवा शिविर का शुभारम्भ







भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी के निर्देशन में दिनांक **8 मई 2024 को** विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा दिनाँक 8.05.2024 से 11.05.2024, समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न.-01 पर अस्थाई प्याऊ लगाकर यात्रियों को शीतल जल वितरित कर चार दिवसीय शीतल पेयजल सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० एमिन फातिमा जी सहित फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक गुप्ता जी, सहायक प्रोफ़ेसर अनादी तिवारी जी, कुलदीप जी एवं फार्मेसी संकाय के शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# पी० के० विश्वविद्यालय द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर चार दिवसीय शीतल पेयजल सेवा शिविर का हुआ सफल समापन







पी० के० विश्वविद्यालय के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन झाँसी पर चार दिवसीय जल वितरण शिविर का **दिनांक 11 मई 2024 को** सफल समापन हुआ। यह शिविर भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पी० के० विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी के निर्देशन में दिनांक 8 मई से 11 मई 2024 तक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न.-01 पर अस्थाई प्याऊ लगाकर आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० दीपेश नामदेव जी, डीन अकादमिक डॉ० एमिन फातिमा जी सहित फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक गुप्ता जी, सहायक प्रोफ़ेसर अनादी तिवारी जी, कुलदीप जी एवं फार्मेसी संकाय के शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## पी० के० विश्वविद्यालय को कुलाधिपति जे० पी० शर्मा ने दी तीन नई बसों की सौगात







**दिनांक 17 मई 2024 को** पी० के० विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर परिवहन सुविधा के उदेश्य से पी० के० विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जे० पी० शर्मा जी द्वारा विश्वविद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन नईं बसों की सौगात प्रदान की गई। ये बसें दतिया, शिवपुरी, झाँसी, पिछोर आदि रूटों पर विद्यार्थियों को परिवहन सुविधा प्रदान करेंगी। विश्वविद्यालय परिसर में तीनों नई बसों के आगमन के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, प्रशासनिक निदेशक एवं कुलपति महोदय द्वारा विधि विधान से तीनों नई बसों का पूजन अर्चन किया गया।

# पी० के० विश्वविद्यालय में "साइबर सुरक्षा" विषय पर व्याख्यान आयोजित








पी० के० विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरय्या ऑडीटोरियम में **दिनांक 25 मई 2024**, दिन शनिवार को साइबर सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ० जे० के० मिश्रा जी के निर्देशन में किया गया। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के महत्व और उनके डेटा और उपकरणों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के तरीकों के बारे में जागरूक करना था।